&% Lknj Ádk'kukFk %&

fnu'k efu dk pkrekLk eEcbl e gkxk

दिनांक – 3 अप्रैल 2013।

विश्व संत उपाध्याय श्री पुष्कर मुनि जी म. एवं जैन धर्म दिवाकर आचार्य सम्राट् श्री देवेन्द्र मुनि जी म. के सुशिष्य श्रमण संघीय सलाहकार श्री दिनेश मुनि जी म. का वर्ष 2013 का चातुर्मास मुम्बई शहर के खार क्षेत्र के श्री पंजाब जैन भ्रातृ सभा, अहिंसा भवन में होगा। नई पीढ़ी में धार्मिक – सांस्कृतिक चेतना जगाने वाले डॉ. श्री द्वीपेन्द्र मुनि, श्री पुष्पेन्द्र मुनि भी उनके साथ रहेंगे। मुनित्रय के वर्षवास की स्वीकृति पर मुम्बईवासी प्रसन्न हैं। सभा के प्रधान सुशील कुमार जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि चातुर्मास में मुनित्रय के सान्निध्य में धार्मिक/नैतिक/सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। श्री पंजाब जैन भ्रातृ सभा के महामंत्री प्रकाश कोठारी ने बताया कि चातुर्मास मंगल प्रवेश दिनांक 14 जुलाई 2013 को प्रातः 9 बजे होगा।

उल्लेखनीय है कि विश्व संत उपाध्याय पूज्य गुरुदेव श्री पुष्कर मुनि जी म. का 104 वां जन्मोत्सव समारोह दिनांक 6 अक्टूबर 2013 रविवार को विशाल स्तर पर मनाया जाएगा।

चातुर्मास स्थल :–

श्री पंजाब जैन भातृ सभा,
पूज्य श्री काशींराम जैन स्मारक
अहिंसा भवन, अहिंसा मार्ग, 14–ए रोड, खार, (वेस्ट)
मुंबई–52 (महाराष्ट्र)

प्रकाश कोठारी
महामंत्री
09820083919

फोटो संलग्न–।